# हिंद महासागर में प्रहरी नौसेना

**पीएम नरेंद्र मोदी ने आईएनएस विक्रांत पर मनाई दिवाली**

**विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा किया**



**नई दिल्ली 21 अक्टूबर. भारत की नौसेना केवल समुद्री सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि अब वैश्विक स्थिरता की महत्वपूर्ण धुरी बन गई है.**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आईएनएस विक्रांत पर जवानों के साथ दिवाली मनाते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत समुद्री ताकत के साथ-साथ मानवता की सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा तट पर स्थित स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा कर दीपावली के पर्व को बहादुर नौसैनिकों के साथ मनाया. उन्होंने इसे 'मेक इन इंडिया' का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज भारत की नौसेना न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंद महासागर से होकर गुजरने वाली 66 फीसदी तेल आपूर्ति और 50 फीसदी कंटेनर व्यापार की सुरक्षा में भारतीय नौसेना प्रहरी की भूमिका निभा रही है.

> भारत समुद्रों को केवल संसाधन नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और शांति के माध्यम के रूप में देखता है. उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने 2014 में मालदीव के जलसंकट (ऑपरेशन नीर), 2017 में श्रीलंका की बाढ़, 2018 की इंडोनेशिया सुनामी, म्यांमार भूकंप, और मोज़ाम्बिक व मेडागास्कर जैसे संकटों में सहायता पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की. प्रधानमंत्री ने कहा, भारत शक्ति और ज्ञान को 'ज्ञानाय, दानाय च रक्षणाय' के सिद्धांत के साथ मानवता की सेवा में लगाता है.

> पीएम मोदी ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि भारत न केवल अपने नागरिकों को, बल्कि अन्य देशों के फंसे नागरिकों को भी युद्ध और आपदा के समय सुरक्षित निकालकर घर पहुंचाता है. उन्होंने हर द्वीप पर तिरंगा फहराने के सरकार के निर्णय को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए नौसेना की सराहना की. पीएम मोदी ने कहा, आज भारत के हर द्वीप पर नौसेना तिरंगा फहरा रही है. उन्होंने तटरक्षक बल, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ और इंटेलिजेंस एजेंसियों के समन्वय की भी प्रशंसा की और कहा कि देश की सुरक्षा में हर जवान एकजुट होकर चट्टान की तरह खड़ा है. प्रधानमंत्री के शब्दों में, भारत अब 'विश्वबंधु' की भूमिका निभा रहा है.

## जुंटा ने स्वे ताव गॉन पहाड़ी पर किया कब्जा

**नैपीडॉ, 21 अक्टूबर.** म्यांमार की सेना ने रविवार को करेन राज्य की स्वे ताव गॉन पहाड़ी पर दोबारा कब्जा कर लिया. इस पहाड़ी पर करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी (केएनएलए) के नेतृत्व वाले लड़ाकों का कब्जा था, लेकिन रविवार को सेना के साथ मुठभेड़ में उनके पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा. जुंटा के अनुसार, रणनीतिक महत्व की इस पहाड़ी से केएनएलए ले के काव शहर पर आसानी से नजर रख पा रही थी, लेकिन अब यह इलाका उनके हाथों से चला गया है. जुंटा का इस शहर के अधिकांश हिस्सों पर कब्जा हो गया है. केएनएलए और उसके सहयोगियों ने पिछले साल अक्टूबर में इस शहर पर कब्जा कर लिया था.



## दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब, बिगड़ सकती है सेहत

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर.** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार को भी बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है जो रविवार की तुलना में कुछ और अंक ऊपर पहुंच गया. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंगलवार को औसत एक्यूआई 345 दर्ज किया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है. रविवार शाम को यह 300 के पार पहुंच गया था. शहर की वायु गुणवत्ता के वर्तमान परिदृश्य के बीच, स्थिति को और खराब होने से रोकने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण अंतर्गत प्रदूषण विरोधी उपाय लागू किए जा रहे हैं.

## रेखा गुप्ता ने मोदी को दी दिवाली की बधाई



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने परिवार के साथ मंगलवार को प्रधानमंत्री से मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी. गुप्ता ने एक्स पर कहा विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के पीएम से शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री का सान्निध्य और उनका आशीर्वाद नयी ऊर्जा और संकल्प के साथ दिल्ली की सेवा में और अधिक समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा देता है.

## मोदी ने नेतन्याहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके द्वारा दी गई दीपावली बधाई के लिए धन्यवाद प्रकट किया. दोनों नेताओं के बीच यह सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जन्मदिन की बधाई दी और उनके द्वारा भेजी गई दीपावली की शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया. मोदी ने लिखा- मेरे प्यारे मित्र, दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद. मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं. आपके अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना करता हूं. आने वाले वर्षों में भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी निरंतर बढ़ती रहे, यही कामना करता हूं.

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से त्योहारों के इस मौसम में स्वदेशी सामानों की खरीद और उपयोग का आह्वान पुरजोर तरीके से दोहराते हुए सोमवार को कहा कि देश भर में ये त्योहार 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का उत्सव बनने चाहिए. मोदी ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आइए भारतीय उत्पाद खरीदें और गर्व से कहें- 'ये स्वदेशी है!' आपने जो खरीदा है, उसे सोशल मीडिया पर भी साझा करें.

# 12 लाख कर्मचारी दिन-रात सेवा में जुटे

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्टेशन का लिया जायजा**
- **त्योहारों के मद्देनजर किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण**



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार शाम में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया.**

उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की भारी भीड़ के प्रबंधन और सुविधाओं का जायजा लिया. मंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म न. 1 पर स्थित कंट्रोल रूम का जायजा लिया, जहां से पूरे स्टेशन की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है. उन्होंने प्लेटफॉर्म न. 12/13 पर पहुंचकर यात्रियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुना. श्री वैष्णव ने प्लेटफॉर्म न. 16 पर खड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में भी जाकर स्लीपर क्लास के यात्रियों से उनके यात्रा अनुभव के बारे में जानकारी ली और प्रतिक्रिया प्राप्त की. इसके अतिरिक्त, उन्होंने यात्री सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया और यात्रियों से रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया. मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने विश्वास दिलाया कि यात्रियों की भारी भीड़ के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं. रेलवे के 12 लाख कर्मचारी दिन रात यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं.

## रूस का नाटो पर युद्ध की तैयारी का आरोप

**व्लादिवोस्तोक, 21 अक्टूबर.** रूसी विदेश खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारिश्किन ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) रूस के साथ युद्ध के लिए अपने संसाधनों को तेज़ी से जुटा रहा है. वह उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित स्वतंत्र राज्यों की एक बैठक में बोल रहे थे. नारिश्किन का बयान खुफिया सेवा की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित किया गया. इसमें उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से नाटो के यूरोपीय सदस्यों को हमारे देश के साथ युद्ध की तैयारी करते हुए देख रहे हैं. इस उद्देश्य के लिए नियुक्त नाटो सहयोगी प्रतिक्रिया बल को सभी आवश्यक संसाधन शीघ्रता से उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित किया गया है.


# पुलिस का समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत

**राज्य स्तरीय समारोह को सीएम योगी ने किया संबोधित**

**लखनऊ 21 अक्टूबर. पुलिस स्मृति दिवस 2025 के अवसर पर सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.**


इस अवसर पर उन्होने कहा कि पुलिस कर्मी कठिन परिस्थितियों में भी जनता की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और कानून के शासन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं. उनका समर्पण और साहस समाज के लिए प्रेरणास्रोत है. समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के तीन जांबाज जवानों निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्ध नगर) को नमन किया. मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शहीद परिवारों के साथ हर कदम पर खड़ी है.

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. 'शोक शस्त्र' की कमांड के बाद पूरे मैदान में दो मिनट का मौन रखा गया. इसके उपरांत 'सलामी शस्त्र' की कार्यवाही के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के भावों से गूंज उठा. समारोह की शुरुआत परेड कमांडर द्वारा मुख्यमंत्री को सलामी देने के साथ हुई. नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में पुलिस उपाधीक्षक (अभिसूचना मुख्यालय) आभा पांडेय ने शोक पुस्तिका वाहक के रूप में मुख्यमंत्री को शोक पुस्तिका भेंट की. पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने वीरगति प्राप्त शहीदों के जीवन परिचय और उनके अदम्य साहस की जानकारी दी.



# केजरीवाल ने दिया दिल छू लेने वाला संदेश, कहा-खुश रहो, तरक्की करो

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दीपावली के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं.**



उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. केजरीवाल ने माँ लक्ष्मी से प्रार्थना करते हुए लिखा कि यह पर्व हर घर में नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर आए. उन्होंने लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और प्रगति की भी दुआ मांगी. देशभर में दिवाली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है, और ऐसे में नेताओं के शुभकामना संदेशों की भी भरमार है. अरविंद केजरीवाल का यह संदेश न सिर्फ राजनीतिक रूप से, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी जनता के साथ जुड़ने की एक खास कोशिश मानी जा रही है. उनके इस ट्वीट को सोशल मीडिया पर लोगों की खूब सराहना मिल रही है.

# नीतीश का रोजगार और विकास का वादा

## मुजफ्फरपुर रैली में नीतीश ने गिनाई 20 साल की उपलब्धियां

**मुजफ्फरपुर, 21 अक्टूबर. मुजफ्फरपुर रैली में नीतीश ने गिनाई 20 साल की उपलब्धियां बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अगर उनकी सरकार दोबारा बनी, तो अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी.**



बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर की एक चुनावी सभा में अपने 20 वर्षों के शासन की रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखी. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को रोजगार दिया है और आने वाले 5 वर्षों में एक करोड़ नई नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है. नीतीश कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा, हमें मौका मिला तो हमने हर वर्ग के लिए काम किया. पहले की सरकारों में बिहार की हालत बेहद खराब थी. शाम होते ही लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे, सड़कों का हाल खराब था और बिजली सिर्फ नाम की थी. लेकिन हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और सामाजिक सौहार्द के क्षेत्र में बड़े सुधार किए. जदयू नेता ने यह भी कहा कि आज बिहार में भय का नहीं, भाईचारे का माहौल है. रोजगार, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगली सरकार बनने पर 1 करोड़ नई नौकरियों का अवसर पैदा किया जाएगा.

वहीं बिहार में इस बार का चुनाव सिर्फ सीटों का नहीं, बल्कि गठबंधनों के भविष्य का भी है. इसी बीच पूर्णिया सांसद पप्पू यादव का बड़ा बयान आया है जिसने सियासी हलचल बढ़ा दी है. बिहार चुनाव में मतदान से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. कांग्रेस नेता और पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव बाद एनडीए छोड़कर कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं.

### महागठबंधन : 243 सीटें, 254 उम्मीदवार

**पटना.** बिहार चुनाव में एनडीए को सत्ता से हटाने की रणनीति में जुटा महागठबंधन अब अपने ही जाल में उलझता दिख रहा है. सीटों के समुचित बंटवारे में विफलता ने न केवल सहयोगियों के बीच अविश्वास पैदा किया है, बल्कि कई सीटों पर आपसी भिड़ंत ने मतदाताओं को भी असमंजस में डाल दिया है. महागठबंधन में फूट के संकेत- नामांकन के बाद सामने आई तस्वीर बताती है कि महागठबंधन में समन्वय की भारी कमी रही. कांग्रेस और वाम दलों के बीच 4 सीटों पर टकराव है. कई सहयोगी दल अब डैमेज कंट्रोल मोड में हैं. नाम वापसी के प्रयास हुए, लेकिन अब भी दर्जनों सीटें ऐसी हैं जहां विपक्षी महागठबंधन खुद को ही कमजोर कर रहा है. एनडीए को घेरने की रणनीति में तेजस्वी यादव ने दलों को जोड़ा जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे पर बनी असहमति अब उनकी नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है. यह स्थिति मतदाताओं में भ्रम और विभाजन की स्थिति पैदा कर सकती है.

### राजग ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा : दिलीप जायसवाल

**पटना.** बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि विकास के पथ पर बढ़ता बिहार अब पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं है और इस बार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा. जायसवाल मंगलवार को मुजफ्फरपुर के रामकृष्ण उच्च विद्यालय, मीनापुर के खेल मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ राजग समर्थित जदयू प्रत्याशी अजय कुशवाहा, औराई से भाजपा प्रत्याशी रमा निषाद तथा गायघाट से जदयू प्रत्याशी कोमल सिंह की आशीर्वाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने जनता से अपील की कि राजग प्रत्याशियों को विजयी बनायें. भाजपा नेता ने कहा कि सभा में आई प्रचंड भी इस बात का संकेत है कि जनता अब एक सशक्त और जिम्मेदार नेतृत्व की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार नई उड़ान भरने को तैयार है और डबल इंजन की सरकार इस प्रदेश को गति देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी. मुजफ्फरपुर के बाद जायसवाल कांटी पहुंचकर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया.

## एक नजर में

### खदान ढहने के बाद 12 शव बरामद

**काराकस, 21 अक्टूबर.** वेनेज़ुएला के दक्षिणी बोलिवर राज्य में एक खदान ढहने के बाद 12 शव बरामद किए गए हैं. राज्यपाल यूलिसबेथ गार्सिया ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने सोशल मीडिया पर बताया कि बचावकर्मियों ने एल कैलाओ शहर में कुआत्रो एस्क्विनास खदान से 168 घंटे की लगातार तलाशी के बाद शव बरामद किए. पिछले हफ़्ते भारी बारिश के कारण हुई इस खदान के ढहने से 14 खनिक जमीन में फंस गए थे. गार्सिया ने कहा कि यह अभियान नागरिक सुरक्षा अधिकारियों, अग्निशमन कर्मियों और खनिकों का एक संयुक्त प्रयास था, जो जन-सैन्य समन्वय के साथ काम कर रहे थे. राज्यपाल ने कहा, हम सभी पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं.

### पीएम ने असरानी के निधन पर जताया शोक

**नईदिल्ली, 21 अक्टूबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भारतीय सिनेमा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध दिग्गज अभिनेता गोवर्धन असरानी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया. प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, गोवर्धन असरानी के निधन से दुखी हूं. वे एक प्रतिभाशाली मनोरंजनकर्ता और बहुमुखी कलाकार, उन्होंने विभिन्न पीढ़ियों के दर्शकों का मनोरंजन किया.

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति को जेल

- **गद्दाफी से गुप्त फंड लेने पर पांच साल की सजा**

**पेरिस, 21 अक्टूबर. फ्रांस की राजनीति में उस समय भूचाल आ गया जब पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को लीबिया के तानाशाह गद्दाफी से चुपके से चुनावी फंड लेने के मामले में जेल भेज दिया गया.**



यह पहली बार है जब फ्रांस का कोई पूर्व राष्ट्रपति जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा है. फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 2007 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान लीबिया से अवैध रूप से फंड लेने के मामले में दोषी ठहराते हुए पेरिस की एक अदालत ने पांच साल कैद की सजा सुनाई, जिसमें से दो साल कठोर कैद शामिल है. सरकोजी ने मंगलवार को पेरिस की ला-सांते जेल में आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे फ्रांस के लोकतांत्रिक इतिहास में एक अभूतपूर्व क्षण दर्ज हो गया. सरकोजी पर यह आरोप था कि उन्होंने लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी से लगभग 50 मिलियन यूरो की राशि चुनावी फंडिंग के रूप में गुप्त रूप से प्राप्त की.

## आज का इतिहास

1796 पेशवा माधव राव द्वितीय ने आत्महत्या।

1867 नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।

1875 अर्जेंटिना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुवात।

1879 ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव फड़के के खिलाफ।

1883 न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ।

1962 सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना भाखड़ा नांगल राष्ट को समर्पित।

1964 - फांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।

**आयोजन** | **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि**

# सशक्त कानून के लिए समाज-पुलिस की साझेदारी जरूरी

**नईदिल्ली 21 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समाज और पुलिस को एक-दूसरे पर निर्भर बताते हुए शांति और प्रगति के लिए इनके बीच साझेदारी में संतुलन पर बल दिया है और कहा है कि जहां पुलिस को संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए.**



वहीं समाज को उत्तरदायी नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए ताकि सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद हो सके। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट के लिए सशक्त समाज के साथ साथ सशक्त पुलिस भी बहुत अधिक जरूरी है.

सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस पर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये और भव्य परेड की सलामी ली. उन्होंने कहा पुलिस स्मृति दिवस देश की सुरक्षा में अपने आप को समर्पित कर देने वाले हमारे पुलिस, और सभी अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के त्याग को याद करने का दिन है. मैं भारत के नागरिकों की सुरक्षा में, अपने प्राणों को आहूत कर देने वाले सुरक्षा बलों को, श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. पुलिस और समाज के बीच परस्पर समझ और जिम्मेदारी की भावना पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षा और न्याय तथा विश्वास की भावना दृढ होती है. उन्होंने कहा , समाज और पुलिस, ये दोनों एक-दूसरे पर समान रूप से निर्भर हैं. कोई भी समाज तभी शांति और प्रगति की ओर बढ़ सकता है, जब उसके भीतर सुरक्षा, न्याय और विश्वास की भावना सुदृढ़ हो. पुलिस व्यवस्था तभी प्रभावी रूप से काम कर सकती है, जब समाज के नागरिक पुलिस के सहयोगी के रूप में काम करते हैं, और कानून का सम्मान करते हैं. जब समाज और पुलिस के बीच संबंध परस्पर समझ और जिम्मेदारी पर आधारित होते हैं, तब समाज, और पुलिस बल, दोनों समृद्ध होते हैं.

> पुलिस और समाज के बीच साझेदारी में संतुलन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावी पुलिस व्यवस्था के लिए यह जरूरी है. उन्होंने कहा , इसलिए यह बहुत जरूरी है, कि दोनों के बीच एक संतुलित साझेदारी बनी रहे, जहाँ पुलिस संरक्षक की भूमिका निभाए, और समाज उत्तरदायी नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद हो सके. रक्षा मंत्री ने सेना और पुलिस को देश की सुरक्षा के मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि इनका साझा मिशन देश की रक्षा करना है. उन्होंने कहा, सेना हो या पुलिस, ये दोनों ही देश की सुरक्षा के अलग-अलग स्तंभ हैं. अगर सेना, देश की रक्षा करती है, तो पुलिस समाज की रक्षा करती है. सेना भारत की भौगोलिक अखंडता की रक्षा करती है, तो पुलिस भारत की सामाजिक अखंडता की रक्षा करती है. इसलिए मेरा ऐसा मानना है, कि दुश्मन कोई भी हो, चाहे सीमा पार से आए, या हमारे बीच छिपा हो, जो भी व्यक्ति भारत की सुरक्षा के लिए खड़ा है. सिंह ने पुलिस की चुनौतियों और उसकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा , आज पुलिस को सिर्फ़ अपराध से नहीं, बल्कि धारणा से भी लड़ना पड़ रहा है.

# बंगाल मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, 21 अक्टूबर. पश्चिम पश्चिम बंगाल में शर्मनाक घटना सामने आई है, उलुबेड़िया सरत चंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज में सोमवार शाम एक महिला जूनियर डॉक्टर पर ट्रैफिक होमगार्ड ने हमला किया.**

आरोपी ने डॉक्टर के साथ बदसलूकी की, गाली दी और साथ में धमकी दी कि अगर वंहा वह बाहर गई तो उसके साथ बलात्कार होगा. पुलिस ने आरोपी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. एक्स महिला जूनियर डॉक्टर पर हमला महिला जूनियर डॉक्टर पर हमला पश्चिम बंगाल के उलुबेड़िया सरत चंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सोमवार शाम एक महिला जूनियर डॉक्टर पर ट्रैफिक होमगार्ड ने हमला किया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, उलुबेड़िया ट्रैफिक गार्ड का होमगार्ड शेख बाबूलाल अपनी एक महिला रिश्तेदार को अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में लेकर गया था. उसके साथ 10 से 12 लोग और भी मौजूद थे. उस समय वार्ड में एक महिला जूनियर डॉक्टर ड्यूटी पर थीं. आरोप है कि डॉक्टर द्वारा उसकी रिश्तेदार की जांच करने के बाद वह और उसका समूह आक्रामक हो गया. आरोपी ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और महिला डॉक्टर से गाली-गलौज की.